
निर्माण के दो-तीन साल में ही उखड़ने लगी एनएच ३२७ -इ की सड़क, सांसद ने मांगी उच्चस्तरीय जांच

किशनगंज (आससे)। अररिया से सिलीगुड़ी को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-327श्र के निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। निर्माण पूरा होने के महज दो से तीन वर्षों के भीतर सड़क के कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त होने को लेकर किशनगंज के सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद आजाद ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के मुख्य सतर्कता अधिकारी को पत्र लिखकर पूरे निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

सांसद ने अपने पत्र में कहा है कि बिहार को पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर राज्यों से जोड़ने वाला यह महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग क्षेत्र की यातायात व्यवस्था और आर्थिक विकास की दृष्टि से बेहद अहम है। इसके बावजूद निर्माण पूरा होने के कुछ ही वर्षों में सड़क का कई जगह क्षतिग्रस्त होना निर्माण की गुणवत्ता और इस्तेमाल की गई सामग्री पर गंभीर सवाल खड़े करता है। इससे घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल और कार्य में लापरवाही की आशंका भी उत्पन्न हुई है।

उन्होंने बताया कि निर्माण के दौरान भी स्थानीय स्तर पर घटिया सामग्री के उपयोग और कार्य में अनियमितताओं



की शिकायतें सामने आई थीं। इसके बावजूद समय रहते प्रभावी सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई। सड़क की बदहाल स्थिति से यातायात प्रभावित होने के साथ दुर्घटनाओं में लोगों के घायल होने और जान गंवाने की घटनाएं भी सामने आई हैं।

सांसद डॉ. जावेद आजाद ने इस मुद्दे को पूर्व में 27 जुलाई 2026 को संसद में नियम-377 के तहत भी उठाया था। इसके बावजूद अब तक निर्माण में कथित अनियमितताओं और घटिया सामग्री के इस्तेमाल के आरोपों की समुचित जांच नहीं होना चिंता का विषय है।

उन्होंने एनएचएआई के मुख्य सतर्कता अधिकारी से सड़क निर्माण में इस्तेमाल की गई सामग्री, निर्माण कार्य की गुणवत्ता, संबंधित निर्माण एजेंसियों तथा निगरानी करने वाले अधिकारियों की भूमिका की विस्तृत जांच कराने की मांग की है। साथ ही जांच में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने का भी अनुरोध किया है।

सांसद ने स्पष्ट कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग जनता की सुविधा, सुरक्षा और क्षेत्र के विकास से सीधे जुड़े होते हैं। इनके निर्माण में किसी भी तरह की लापरवाही या भ्रष्टाचार की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। आम लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करना संबंधित विभाग की जिम्मेदारी है। अब देखना यह है कि सांसद की शिकायत पर एनएचएआई का सतर्कता विभाग कब जांच शुरू करता है और निर्माण की गुणवत्ता को लेकर उठे सवालों पर क्या कार्रवाई होती है।

न मंदिर, न प्रतिमा होती है अराधना

विशाल पेड़ के नीचे चुनरी में विराजती हैं मां काली ● हर शुभ कार्य से पहले आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं श्रद्धालु

कुरसेला (कटिहार) आससे। आस्था के लिए न तो भव्य मंदिर की जरूरत होती है और न ही देवी-देवताओं की प्रतिमा की। सच्ची श्रद्धा हो तो एक पेड़ के नीचे भी भक्तों को मां का दरबार नजर आता है। कुछ ऐसी ही अनूठी धार्मिक परंपरा कुरसेला प्रखंड के महेशपुर गांव में देखने को मिलती है। यहां मां काली का ऐसा स्थान है, जहां न कोई मंदिर है और न ही मां की कोई प्रतिमा। एक विशाल पाखर के पेड़ के नीचे चुनरी को मां का प्रतीक मानकर पूजा-अर्चना की जाती है। ग्रामीणों के अनुसार, यह परंपरा सैकड़ों वर्षों से चली आ रही है। मां के प्रति लोगों की अटूट आस्था का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आसपास के गांवों के अलावा दूर-दराज के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु यहां मन्नत मांगने पहुंचते हैं।

ग्रामीण इस स्थान को %निरंकारी काली स्थान% के नाम से जानते हैं। यहां मां की पूजा किसी प्रतिमा या स्थायी मंदिर के बजाय प्राकृतिक स्वरूप में होती है। स्थानीय लोगों के बीच प्रचलित किवदंती के अनुसार, कई दशक पहले गांव के पूर्वजों ने यहां मां काली का भव्य मंदिर बनाने की इच्छा जताई थी। इसके लिए विधिवत पूजा-अर्चना कर मां से अनुमति मांगी गई थी। मान्यता है कि उसी रात मां काली ने एक पंडित को स्वप्न में दर्शन देकर मंदिर निर्माण नहीं कराने और इसी स्वरूप में पूजा जारी रखने का संदेश दिया था। इसके बाद ग्रामीणों ने मंदिर या प्रतिमा स्थापित करने का विचार छोड़ दिया। तभी से विशाल पेड़ के नीचे चुनरी चढ़ाकर मां की आराधना की परंपरा कायम है। आज भी श्रद्धालु इसी स्थान पर पहुंचकर माथा टेकते हैं और अपनी मनोकामना पूरी होने की कामना करते हैं।

निरंकारी काली स्थान से जुड़ी एक और विशेष परंपरा है, जो इसे क्षेत्र के अन्य धार्मिक स्थलों से अलग पहचान देती है। ग्रामीणों के मुताबिक, काली पूजा के अवसर पर सबसे पहले मार्कण्डेय मुनि समाज के लोग मां की पूजा-अर्चना करते हैं। इसके बाद दूसरे श्रद्धालुओं के लिए पूजा का क्रम शुरू होता है। बताया जाता है कि इसी समाज के पूर्वजों ने सबसे पहले विशाल पेड़ के नीचे मां की आराधना शुरू की थी। धीरे-धीरे यह स्थान आसपास के लोगों की आस्था का केंद्र बन गया। पूर्वजों से शुरू हुई यह परंपरा आज भी उसी श्रद्धा और विश्वास के साथ पीढ़ी-दर-पीढ़ी निभाई जा रही है। बुजुर्गों के अनुसार, पहले इस इलाके में घना जंगल हुआ करता था। समय के साथ जंगल की जगह बस्ती बस गई, लेकिन मां काली के इस प्राचीन स्थान का स्वरूप नहीं बदला।

महेशपुर गांव के लोगों के जीवन में इस काली स्थान का विशेष महत्व है। गांव में किसी भी परिवार में शादी-विवाह या अन्य मांगलिक कार्य की



शुरुआत मां के दरबार में पूजा-अर्चना के बाद ही होती है। ग्रामीण पहले यहां माथा टेकते हैं और मां का आशीर्वाद लेने के बाद घर के देवी-देवताओं की पूजा करते हैं। विद्यार्थियों में भी इस स्थान के प्रति गहरी श्रद्धा है। परीक्षा देने जाने से पहले छात्र-छात्राएं यहां पहुंचकर मां के चरणों में शीश झुकाते हैं और सफलता की कामना करते हैं। ग्रामीणों का विश्वास है कि सच्चे मन से मांगी गई मन्नत मां काली अवश्य पूरी करती हैं।

आधुनिक दौर में जहां धार्मिक स्थलों पर भव्य मंदिर और आकर्षक प्रतिमाओं का निर्माण हो रहा है, वहीं महेशपुर का निरंकारी काली स्थान आस्था की एक अलग मिसाल पेश कर रहा है। यहां न घंटों तक चलने वाले भव्य आयोजन की अनिवार्यता है और न ही मंदिर की चकाचौंध। विशाल पेड़ के नीचे चढ़ी चुनरी ही भक्तों के लिए मां का स्वरूप है। पीढ़ियों से चली आ रही पूजा की परंपरा और ग्रामीणों का अटूट विश्वास इस स्थान को क्षेत्र की विशिष्ट धार्मिक पहचान बनाए हुए है।

प्रस्तुति : अमित कुमार सिंह

मध्य रात्रि 12 बजे खुला रसाढ़ काली मंदिर का पट

चार दिवसीय राजकीय काली पूजा महोत्सव शुरू

बनमनखी पूर्णिया आससे। बनमनखी प्रखंड के रसाढ़ गांव स्थित प्रसिद्ध काली मंदिर का पट रविवार की मध्य रात्रि 12 बजे वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ



मां काली की निशा पूजा संपन्न होने के बाद श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिया गया है। इसके साथ ही चार दिवसीय राजकीय काली पूजा महोत्सव का विधिवत शुभारंभ हो गया। मंदिर का पट खुलते ही मां काली के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का आना-जाना शुरू हो गया। पूरे गांव में भक्तिमय माहौल बना हुआ है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए बनमनखी विधायक सह सचेतक कृष्ण कुमार ऋषि ने बताया कि महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला प्रशासन पूर्णिया एवं अनुमंडल प्रशासन बनमनखी की देखरेख में आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। मंगलवार को मंच का उद्घाटन विधायक सह सचेतक कृष्ण कुमार ऋषि मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे। महोत्सव के दौरान विभिन्न कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। पहले दिन अमृता दीक्षित, विक्की तिवारी एवं कॉमेडियन राज सोनी अपनी प्रस्तुति देंगे।

विधायक ने बताया कि इस महोत्सव का पूरे गांव के लोग वर्षभर इंतजार करते हैं। आयोजन को लेकर पूरे गांव एवं मेला परिसर में विशेष साफ-सफाई कराई गई है। मेला परिसर में अनेक दुकान लगाई गई है। मेला परिसर एवं मुख्य मार्ग पर में दर्जनों आकर्षक तोरण द्वार बनाए गए हैं। श्रद्धालुओं एवं आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए अनुमंडल प्रशासन की ओर से व्यापक व्यवस्था की गई है।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के तहत मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति, सीसीटीवी कैमरे, पुलिस बल की तैनाती तथा शौचालय, यूरिनल एवं पेयजल की व्यवस्था की गई है। महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा कलाकारों एवं पुलिसकर्मियों के ठहरने की समुचित व्यवस्था भी पूरी कर ली गई है।

विधायक ने बताया कि वर्ष 1939 में स्थापित यह मंदिर आज लोक आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र बन चुका है। प्रत्येक वर्ष काली पूजा एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान यहां मेले जैसा माहौल रहता है और दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां काली के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। महोत्सव को सफल बनाने में जिला एवं अनुमंडल प्रशासन के साथ पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि तथा मेला समिति के सदस्य लगातार जुटे हुए हैं।

पोखर में मिला महिला का शव

बनमनखी (पूर्णिया) (आससे)। पोखर में ग्रामीणों ने सुबह घूमने के दौरान देखा कि एक महिला का शव सुखिया मध्य विद्यालय के समीप पड़ा हुआ है जिस संदर्भ में बनमनखी थाना को ग्रामीणों ने सूचित किया इस मौके पर त्वरित बनमनखी थाना अध्यक्ष विजय कुमार यादवेंदु ने पुलिस बल की टीम को भेजा और शव को अपने कब्जे में लिया जिसे पोस्टमार्टम हेतु पूर्णिया भेजा गया वही



मृतक शव की पहचान बनमनखी प्रखंड क्षेत्र के पंचायत मोहनिया चकला वार्ड नंबर 14 की निवासी अनीता देवी उम्र लगभग 45 वर्ष पति कारीलाल यादव मोहनिया परवत्ता टोला के रूप में पहचान की गई वहीं इस घटना को लेकर बनमनखी थाना अध्यक्ष विजय कुमार यादवेंदु ने कहा कि मृतक के परिजनों द्वारा आवेदन प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

भवन निर्माण विभाग
विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–03, पटना।
बिहार सरकार
अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–64 वर्ष–2026–27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–3 पटना, भवन निर्माण विभाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि : 14.11.2026 3:00 बजे अपराहन तक ।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 17.11.2026 3:00 बजे अपराहन तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 17.11.2026 (3:30 बजे अपराहन)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–3, भ0 नि0 वि0, पटना/सहायक विद्युत, अभियंता, विद्युत भवन अवर प्रमंडल गर्दनीबाग/ विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत भवन अंचल,पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 5 के अनुरूप।

क्रम सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि लाख में	अग्रधन की राशि 2%	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Replacement of Electrical wiring & Electrical Installation in Secretary Chamber & Confrence Hall of Health Deptt., at 1st Floor of Vikash Bhawan, Patna.	3,33,246.00	6,700.00	750.00	10 Days
2	Provision Computer Networking System & Telephone wiring in Room No. 358 of Health Deptt. At 3rd floor of Vikash Bhawan, Patna	7,62,259.00	15,300.00	1250.00	15 Days
3	SITC of Cassette type AC, Computer Networking System, Telephone wiring, etc in Section 2 & 3 (Room No. 177 Old) of Health Deptt. At 1st floor of Vikash Bhawan, Patna.	11,88,690.00	23,800.00	2500.00	15 Days
4	Replacement of Electrical wiring & Electrical Installation in Room No. 365 of Health Deptt. At 3rd floor of Vikash Bhawan, Patna.	12,37,648.00	24,800.00	2500.00	15 Days
5	S/R with Addition and Alteration to E.I in Work Station of Abhiyojan NIdeshalay at 2nd Floor, Block - 2 of Vidhan Sabha, Patna	9,79,722.00	19,600.00	1250.00	15 Days
6	Renovation of Electrical wiring & Electrical Installation in Room No. 186 of Health Deptt. At 1st floor of Vikash Bhawan, Patna.	12,39,479.00	24,800.00	2500.00	15 Days
7	Renovation of Electrical wiring & Electrical Installation in Room No. 358 of Health Deptt. At 3rd floor of Vikash Bhawan, Patna.	9,26,461.00	18,600.00	1250.00	15 Days
8	SITC of Cassette & split type AC, Computer Networking System, Telephone wiring, etc in Lok Shikayat Niwaran Office (Room No. 177A Old) of Health Deptt. at 1st floor of Vikash Bhawan, Patna.	6,86,058.00	13,800.00	1250.00	15 Days
9	SITC of Cassette type AC Machine in Room No. 358 of Health Deptt. at 3rd floor of Vikash Bhawan, Patna.	5,27,114.00	10,600.00	1250.00	15 Days

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
PR- 015151 (B C D) 2026-27
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।
विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत भवन प्रमंडल सं0–3, पटना।

दीपोत्सव पर मां काली की आराधना में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, रोशनी से जगमगाये मंदिर और पूजा पंडाल

किशनगंज (आससे)। किशनगंज शहर में दीपोत्सव एवं मां काली की पूजा रविवार को पूरे श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाई गई। कार्तिक अमावस्या की पावन रात्रि में शहर के ऐतिहासिक लाइन बूढ़ी कालीबाड़ी मंदिर में मां काली की भव्य प्रतिमा स्थापित कर वैदिक मंत्रोच्चार एवं पारंपरिक विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। इस



अवसर पर मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। शाम होते-होते भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा मंदिर परिसर मां काली के जयकारों से गूंज उठा।

ऐतिहासिक लाइन बूढ़ी कालीबाड़ी मंदिर किशनगंज की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। मंदिर की स्थापना वर्ष 1902 ईस्वी में हुई थी। स्थापना के बाद से ही यहां प्रत्येक वर्ष परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ मां काली की पूजा-अर्चना होती आ रही है। 125 वर्षों से अधिक पुरानी इस धार्मिक परंपरा के प्रति लोगों की आस्था लगातार गहरी होती जा रही है। पीढ़ी-दर-पीढ़ी श्रद्धालु इस पूजा में शामिल होकर अपनी धार्मिक परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं।

दीपोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं ने मां काली के दरबार में दीप प्रज्वलित कर परिवार की सुख-शांति, खुशहाली, आरोग्यता और समृद्धि की कामना की। मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ भक्तों ने माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की बड़ी भागीदारी ने पूरे आयोजन को भक्तिमय बना दिया।

वहीं, शहर के विभिन्न स्थायी काली मंदिरों के साथ-साथ अलग-अलग मोहल्लों में बनाए गए आकर्षक एवं भव्य पूजा पंडालों में भी मां काली की आराधना को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। रंग-बिरंगी रोशनी, आकर्षक सजावट और भव्य प्रतिमाओं से शहर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। शाम ढलते ही मंदिरों और पूजा पंडालों में दीपों की रोशनी से अद्भुत दृश्य नजर आने लगा। श्रद्धालु कतारबद्ध होकर मां काली की पूजा-अर्चना करते रहे और अपने परिवार की मंगलकामना की।

शहर के सबसे प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक बूढ़ी काली मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ विशेष आकर्षण का केंद्र रही। बड़ी संख्या में दूर-दराज के क्षेत्रों से भी लोग माता के दर्शन के लिए पहुंचे। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए स्थानीय प्रशासन और पूजा समिति के कार्यकर्ता पूरी तरह मुस्तैद रहे। मंदिर परिसर एवं प्रमुख मार्गों पर सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस बल तथा दंडाधिकारियों की तैनाती की गई थी।

पूजा समिति के स्वयंसेवक भी व्यवस्था संभालने में सक्रिय रहे। महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग कतारें बनाकर दर्शन की व्यवस्था की गई, ताकि भीड़ के बीच किसी को परेशानी नहीं हो। स्वयंसेवकों ने लगातार श्रद्धालुओं को दिशा-निर्देश देकर दर्शन व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में सहयोग किया।

कुल मिलाकर, दीपोत्सव और मां काली की आराधना ने किशनगंज शहर को भक्ति, आस्था और उल्लास के रंग में सराबोर कर दिया। ऐतिहासिक बूढ़ी कालीबाड़ी में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने एक बार फिर साबित किया कि मां काली की पूजा यहां केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि शहर की वर्षों पुरानी आस्था, परंपरा और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक है।

NAME CHANGE

By Affidavit no.187 dt. 03.01.2020 Notary Public Katihar Md Nijam, Son of Shekh Jahiruddin Resident of Rajdhani, Post – Salehpur, Police Station – Falka, District – Katihar, Bihar, do hereby solemnly affirm and declare as follows: That my correct name is Md Nijam, which is duly recorded in my Aadhaar Card and PAN Card. However, in the passport of my son, Md Mujahid, my name has been mistakenly recorded as Md Nijamuddin, which is incorrect. That Md Nijam and Md Nijamuddin are the names of one and the same person. I am widely known and recognized by the name Md. Nijam, Son of Shekh Jahiruddin.

बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पटना भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग
लोदीपुर, बुद्धमार्ग, पटना–800001
(ee.patna.bcd@gmail.com)
अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–04/प.म.प्र./2026–27

समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक/ख्याति प्राप्त डिकोरेटर/फर्म से निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना, एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक–14.11.2026 के अपराहन 11:00बजे तक प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिन 01:00 बजे अपराहन में कोटशनदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

कोटेशन का मूल्य (रू0) में:–

प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन पत्र के साथ कोटेशन मुल्य जो "संयुक्त सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–10840 (भ) दिनांक–13-12-2019के आलोक में ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM(O-Gras)पोर्टल–(https://e-receipt.bihar.gov.in)dsE-payment/payment over the bank counter(cash/Cheque) के माध्यम से अद्योहस्ताक्षरी कार्यपालक अभियंता, पटना भवन प्रमंडल, पटना के पदनाम से प्रत्येक कार्य के लिए अलग–अलग जमा करना अनिवार्य होगा। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत O-Gras का (computerize receipt) रसीद पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। O-Gras द्वारा निर्गत चालान में चालान one time period का ही मान्य होगा, जो पन्द्रह दिनों के लिए वैद्य है। निर्गत चालान की तिथि कोटेशन का दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से बाद ही मान्य होगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि का अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है:–

0 से 50000.00रू0 तक 250.00रू0/ 50001.00से250000.00रू0 तक 500.00रू0/250001.00से 500000.00रू0 तक750.00रू0/500001.00से 1000000.00रू0 तक 1250.00 रू0/1000001.00 से1500000.00रू0 तक 2500.00रू0 एवं अग्रधन की राशि दो प्रतिशत (कोटेड राशि का मूल दो प्रतिशत) कोटेशन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

कार्य का विवरणी :–

क0	कार्य का नाम एवं विशिष्टियों	मात्रा	ईकाई	उद्गत दर (अंक एवं अक्षर में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Repair & Painting Inner side Ceiling SKM Building(Hall), Patna for the year 2026-27				One Week
i	Providing and applying two coats of Royal Glitter paintetc all complete job				
2	Repair of Damage wooden wool False Ceiling SKM Building(Hall) Gallery Area, Patna for the year 2026-27				One Week
i	Providing, Fitting and Fixing wooden wool false ceiling etc all complete job				

आपुर्ति की जाने वाली सामग्रियों के मॉडल, मेक, साइज, क्षमता, नमूने, क्वालिटी इत्यादि की अधिक जानकारी हेतु संबंधित सहायक अभियंता, एवं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के प्राक्कलन शाखा से संपर्क करेंगें। विशेष शर्तें, मद एवं मात्रा की विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय सूचना पट्ट पर देखें या अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के प्राक्कलन शाखा से संपर्क करें।

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
PR- 015153 (B W D) 2026-27
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।
कार्यपालक अभियंता
पटना भवन प्रमण्डल, पटना।

भवन निर्माण विभाग
विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–03, पटना।
बिहार सरकार
अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–65 वर्ष–2026–27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–3 पटना, भवन निर्माण विभाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि : 14.11.2026 3:00 बजे अपराहन तक ।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 17.11.2026 3:00 बजे अपराहन तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 17.11.2026 (3:30 बजे अपराहन)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–3, भ0 नि0 वि0, पटना/सहायक विद्युत, अभियंता, विद्युत भवन अवर प्रमंडल गर्दनीबाग/ विद्युत अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, विद्युत भवन अंचल,पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 5 के अनुरूप।

क्रम सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि लाख में	अग्रधन की राशि 2%	परिमाण विपत्र का मुल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	SITC of Cassette type AC machine in Room No. 365 of Health Deptt. At 3rd floor of Vikash Bhawan, Patna.	6,34,982.00	12,700.00	1250.00	15 Days
2.	SITC of Cassette type AC Machine in Room No. 186 of Health Deptt. at 1st floor of Vikash Bhawan, Patna.	6,37,527.00	12,800.00	1250.00	15 Days
3.	SITC of Cassette type AC, Computer Networking System, Telephone wiring, etc in Secreatry Chamber & Cell (Room No. -182) of Health Deptt. At 1st Floor of Vikash Bhawan, Patna.	11,22,497.00	22,900.00	2500.00	15 Days
4.	SITC of split AC computer networking wing system, telephone wiring etc in health minister's cell and chamber & cell of P.S. to health Minister (room no. 176A & 187) at 1st floor of Vikash Bhawan, Patna.	10,34,709.00	20,700.00	2500.00	15 Days
5.	SITC of split type AC along with S/R with addition and alteration to E.I. in Dawa vitran kendra and replacement of all damaged fitting in hospital building in the campus of Patna High Court, Patna (state Dispensary)	11,62,248.00	23,300.00	2500.00	15 Days
6.	Provision Computer Networking System & Telephone wiring in Room No. 178, 264, 274 & 275 of Health Deptt. At Vikash Bhawan, Patna.	10,02,427.00	20,100.00	2500.00	15 Days
7.	Provision Computer Networking System & Telephone wiring in Room No. 365 of Health Deptt., at 3rd floor of Vikash Bhawan, Patna.	12,73,930.00	25,500.00	2500.00	15 Days
8.	Provision Computer Networking System & Telephone wiring in Room No. 186 of Health Deptt. at 1st floor of Vikash Bhawan, Patna.	12,75,263.00	25,600.00	2500.00	15 Days
9.	SITC of Cassette type AC, Computer Networking System, Telephone wiring, etc in Room No. -177 of Health Deptt. At 1st Floor of Vikash Bhawan, Patna.	8,70,672.00	17,500.00	1250.00	15 Days
10.	SITC of split AC computer networking wing system, telephone wiring etc in additional secretary chamber & cell (room no. 171A) of in health deptt. At 1st floor of Vikash bhawan, Patna.	5,53,152.00	11,100.00	1250.00	15 Days

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत भवन प्रमंडल सं0–3, पटना
PR- 015152 (B C D) 2026-27
विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार